PUBLICATION NAME :	Samay Jagat
EDITION :	Bhopal
DATE :	17/11/2022
PAGE:	2

ईडीआईआई ने केरल ब्लॉकचैन एकेडमी के साथ सहयोग किया

अहमदाबाद। एंट्रेप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने सर्टिफाइड ब्लॉकचेन स्टार्टअप प्रोग्राम ऑनलाइन लॉन्च करने के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल (डीयूके) और केरल ब्लॉकचैन एकेडमी (केबीए) के साथ सहयोग किया है, जो भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, केरल (आईआईआईटीएमके) के अंतर्गत केरल सरकार की एक पहल है। यह प्रोग्राम स्टार्टअप्स और व्यक्तियों को ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े मुद्दों, अवसरों और चुनौतियों को समझने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करेगा। यह 10-दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रोग्राम ईडीआईआई और केबीए द्वारा तैयार किया गया है और इसमें चार दिनों का ब्लॉकचेन प्रशिक्षण और छह दिनों का उद्यमिता एवं प्रबंधन प्रशिक्षण शामिल है।